# रैग पिकर्स के बच्चों को शिक्षा देने के लिए नगर आयुक्त ने किया सेंटर का शुभारंभ

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वैशाली में स्थित ट्रिपल आर सेंटर का निरीक्षण किया, जहां पर दूध की वेस्ट थैली तथा फ्लेक्स के वेस्ट का उपयोग करते हुए सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से उपयोगी थैले बनाए जा रहे है। साथी फाउंडेशन तथा एसजीएस आत्मनिर्भर एनजीओ की टीम का उत्साहवर्धन किया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि इस प्रकार के थैली न केवल उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं बल्कि पॉलिथीन मुक्त शहर बनाने में भी सहयोग कर रहे हैं। रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल की मुहिम के क्रम में वैशाली स्थित ट्रिपल आर सेंटर पर शहर निवासी अपनी अनुपयोगी



वस्तुओं को डोनेट कर रहे हैं। वही अनुपयोगी वस्तुएं उपयोग में लाई जा रही है। जरूरतमंद उनका सही उपयोग कर रहे हैं। वैशाली ट्रिपल आर केंद्र के समीप ही फ्फ्फ्रस्किल एंड एजुकेशन सेंटर का भी शुभारंभ



किया गया, जिसमें रैग पिकर्स के 50 से अधिक बच्चों को शिक्षा देने का कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है, जिसमें शक्ति फाउंडेशन से अनुराग कश्यप भी सहयोग कर रहे है। उपस्थित टीम को जनहित में बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी गई। साथ ही उपस्थित रैग पिकर्स के बच्चों से बात करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया तथा शिक्षा के प्रति और खेल के प्रति जागरूक किया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जहां शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य भी किया जा रहा है, वही रैग पिकर्स के बच्चों की शिक्षक की जिम्मेदारी को भी निभाया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी निगम के अभियानों में जोड़कर सहयोग किया जा रहा है। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश व स्वच्छ भारत मिशन की टीम उपस्थित रही।

# एचपीडीए की ओटीएस योजना से डिफाल्टर आवंटियों को बड़ी राहत, 19 ने किया आवेदन



एचपीडीए प्रभारी सचिव अमित कादियान



एचपीडीए उपाध्यक्ष मुकेश चंद्रा

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) ने आवासीय संपत्तियों के डिफाल्टर आवंटियों को राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू की है। यह योजना 18 अप्रैल से शुरू होकर आगामी 18 जुलाई तक प्रभावी रहेगी। योजना के तहत अब तक 19 डिफाल्टर आवंटियों ने आवेदन कर लाभ लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एचपीडीए उपाध्यक्ष मुकेश चंद्रा ने बताया कि शासन के निर्देश पर यह योजना लागू की गई है, ताकि प्राधिकरण की आवासीय योजनाओं में बकाया जमा न कर पाने वाले आवंटियों को राहत मिल सके। उन्होंने सभी पात्र आवंटियों से समय रहते योजना का लाभ उठाने की अपील की। एचपीडीए के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने जानकारी देते हुए बताया कि एचपीडीए की विभिन्न आवासीय योजनाओं में करीब 171 डिफाल्टर आवंटी चिन्हित किए गए हैं। इन सभी को योजना का लाभ लेने के लिए सूचित भी किया गया है। उन्होंने बताया कि ओटीएस योजना के तहत डिफाल्टर आवंटियों से केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, जबकि दंड ब्याज पूरी तरह माफ रहेगा। साधारण ब्याज वही होगा जो संपत्ति आवंटन के समय किस्त निर्धारण के अनुसार तय किया गया था। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि यह योजना केवल आवासीय संपत्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि मानचित्र डिफाल्टर प्रकरणों पर भी लागू रहेगी। ऐसे आवंटी भी योजना का लाभ लेकर अपने लंबित मामलों का निस्तारण करा सकते हैं। एचपीडीए प्रशासन ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए अंतिम तिथि 18 जुलाई निर्धारित की गई है। इसके बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। इसलिए सभी डिफाल्टर आवंटियों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

# कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** जिले में बढ़ती महंगाई और कालाबाजारी के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की जिला कार्यकारिणी ने गुरुवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कविता मीणा को सौंपा। व्यापारियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने समेत कई मांगें उठाईं। प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को अवगत कराया कि व्यवसायिक गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से कुटीर उद्योग, घरेलू उद्योग, मझौले उद्योग, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, कैटरिंग व्यवसाय, डेरी संचालक और ठेलों पर खाद्य सामग्री बेचने वाले कारोबारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि लगातार बढ़ती लागत के कारण छोटे कारोबार बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। ज्ञापन में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा 1 मई 2026 से कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम अचानक बढ़ाकर 2080



रुपये से 3171 रुपये प्रति सिलेंडर कर दिए गए, जिससे व्यापारियों में भारी रोष है। व्यापारियों ने मांग की कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई दरों को तत्काल वापस लिया जाए तथा महंगाई और कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाई जाए। इसके अलावा विवाह समारोह, होटल, अस्पताल, स्कूल और अन्य आवश्यक संस्थानों को मांग के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि गोदाम से गैस डिलीवरी लेने पर एजेंसियों को दिए जाने वाले भाड़े को कमर्शियल गैस बिलों में समायोजित किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। व्यापारियों ने कमर्शियल गैस पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने की भी मांग की। संगठन ने सरकार से गैस के वैकल्पिक संसाधनों की खोज के लिए अनुसंधान समिति गठित करने तथा गैस की कमी को देखते हुए उद्योगों को पुराने वैकल्पिक ईंधन इस्तेमाल करने की पांच वर्षों तक अनुमति देने की मांग भी उठाई। इसके लिए प्रदूषण विभाग और एनजीटी के नियमों में अस्थायी छूट देने का अनुरोध किया गया।इस दौरान अध्यक्ष बिजेंद्र पंसारी, युवा व्यापारी नेता दीपाशु गर्ग, राकेश पंसारी, गोविंद अग्रवाल, सौरभ गोयल, संदीप अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अशोक कुमार और सुनील जैन समेत अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# नौ वर्षों में बनी यूपी की नई पहचान को जनता बरकरार रखे : योगी आदित्यनाथ

**देवबंद/सहारनपुर (शिखर समाचार)**

योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को देवबंद में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में 2131 करोड़ रुपये की लागत वाली 325 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की नई पहचान बनी है और जनता को इस माहौल को बनाए रखने के लिए आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के सुशासन दे रही है तथा प्रदेश में सुरक्षा, निवेश और विकास का वातावरण स्थापित हुआ है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश दंगे, कर्फ्यू और



पलायन के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यहां शांति, व्यापारियों की सुरक्षा, औद्योगिक निवेश, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार नई पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब माफिया और गुंडाराज से मुक्त हो चुका है तथा सरकार की प्राथमिकता गरीबों, पिछड़ों और वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने सहारनपुर की वुड कार्विंग उद्योग की सराहना करते हुए कहा कि इस कला ने देश और दुनिया में अलग पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह लेन वाले दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे का लोकार्पण किया था। इसके अलावा सहारनपुर में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय, सरसावा में नए हवाई अड्डे, बेहट में स्पोर्ट्स कॉलेज तथा मां शाकंभरी देवी मंदिर तक एलिवेटेड हाईवे और कॉरिडोर निर्माण का कार्य भी चल रहा है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण की नीति पर कार्य कर रही है। प्रदेश में नियुक्तियों और तबादलों में भ्रष्टाचार समाप्त हुआ है और पारदर्शिता के साथ कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में कांवड़ यात्रा और जन्माष्टमी जैसे आयोजनों को रोकने की किसी की हिम्मत नहीं होती। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान और एसएसपी अभिनव सिंह ने मुख्यमंत्री का नटराज प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री को शॉल और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जसवंत सैनी, सुनील शर्मा, बृजेश सिंह, अजीत सिंह राणा, संजय गर्ग, अजय सिंह, मांगेराम चौधरी, विपिन गर्ग, मुकेश चौधरी, राजीव गुंबर, प्रदीप चौधरी, सत्येंद्र सिसौदिया, शीतल बिश्नोई, रविंद्र मोल्लू, जगपाल सिंह, साहब सिंह सैनी, धर्मसिंह सैनी, नरेश सैनी, वंदना वर्मा, डीके शर्मा और संजीव वालिया सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री करीब दो घंटे तक देवबंद में रहे और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

# मोहित अग्रवाल बने एलायंस क्लब 142 एन के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर थर्ड

## सर्वसम्मति से हुआ चयन, सदस्यों ने दी शुभकामनाएं

**हापुड़ (शिखर समाचार)।**

एलायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 142 एन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर थर्ड के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें सभी सदस्यों की सहमति से मोहित अग्रवाल को सर्वसम्मति से वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर थर्ड चुना गया। उनके चयन पर क्लब सदस्यों में खुशी का माहौल रहा और सभी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मोहित अग्रवाल का नेतृत्व अनुभव, सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण और



सक्रिय सोच क्लब को नई दिशा देने का कार्य करेगी। उन्होंने हमेशा समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया है तथा युवाओं को भी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया है।

नवनियुक्त वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर थर्ड मोहित अग्रवाल ने कहा कि एलायंस क्लब उनके लिए केवल एक संस्था नहीं बल्कि परिवार के समान है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे तथा हापुड़ में एलायंस क्लब का नाम और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर इंटरनेशनल चेयरमैन अनिल वाजपेयी, इंटरनेशनल डायरेक्टर अजय बंसल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर भगवंत गोयल, राहुल गुप्ता, विशेष गोयल, आराधना वाजपेयी, सुनीता शर्मा, सुनीता स्वामी, सचिन अग्रवाल, सौरभ मित्तल, अनुज गोयल, नितिन गर्ग, दीपक गर्ग और भुवन जैन सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# स्व गणना 2027 का आगाज, मकान सूचीकरण के साथ पहले चरण की शुरूआत

**बिजनौर। (शिखर समाचार)** जनपद में जनगणना 2027 के पहले चरण के अंतर्गत स्व-गणना 2027 कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हो गया। नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा संचालित इस अभियान के तहत 7 मई से 21 मई तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा।

बृहस्पतिवार को नगर पालिका परिषद के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम में अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने की। इस दौरान पालिका प्रशासन और सभासदों ने मिलकर स्व-गणना कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की तथा अभियान को सफल बनाने के लिए जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते






हुए अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने कहा कि सटीक जनगणना किसी भी देश और प्रदेश के विकास की आधारशिला होती है। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही सरकार विभिन्न योजनाओं, संसाधनों और विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही यह राष्ट्रीय कार्यक्रम सफल हो सकता है। उन्होंने उपस्थित सभासदों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और स्व-गणना प्रक्रिया में सहयोग के लिए प्रेरित करें, ताकि सही और प्रमाणिक आंकड़े उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम में सभासद सुरेंद्र सिंह, करुणा शर्मा, मानव सचदेवा, शहजाद अहमद, कासिम साहू, नीरज शर्मा, सुजीत चौधरी, मनी चौधरी और राजू अग्रवाल मौजूद रहे। इसके अलावा कर अधीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, अधिशासी अभियंता (जलकल) गौरव शर्मा तथा पत्रकार अनुज चौधरी, संजीव वर्मा और ज्योति लाल शर्मा ने भी स्व-गणना प्रक्रिया में सहभागिता की। पालिका प्रशासन ने बताया कि पहले चरण में जनपद के सभी मकानों का सूचीकरण किया जाएगा, जिससे आगामी जनगणना कार्य को सुचारु रूप से पूरा किया जा सके।

# मेपल्स एकेडमी में छात्रों ने जाना फॉरेंसिक जांच का आधुनिक तरीका



**बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)।** कस्बे के कांधला रोड स्थित मेपल्स एकेडमी में फॉरेंसिक विज्ञान विषय पर इंटरएक्टिव फ्यूचर प्लानिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नीदरलैंड से आए फॉरेंसिक डाइविंग विशेषज्ञ डॉ. मार्को पॉट ने छात्रों को आधुनिक अपराध जांच तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी।कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन के उद्देश्य से आयोजित इस सत्र में डॉ. मार्को पॉट ने पानी के भीतर होने वाले अपराधों की जांच में इस्तेमाल होने वाली आधुनिक तकनीकों से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने सोनार तकनीक, रोबोटिक्स और अन्य उन्नत उपकरणों की मदद से अपराध जांच की प्रक्रिया को सरल और रोचक ढंग से समझाया।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए फॉरेंसिक विज्ञान और अपराध जांच से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक राजीव गर्ग, अनन्या गर्ग, प्रधानाचार्या डॉ. गरिमा वर्मा, उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव, कपिल मित्तल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 41 वोटों से पराग अग्रवाल की शानदार जीत, वार्ड 12 में निकला विजय जुलूस

**जेवर (शिखर समाचार)।** जेवर नगर पंचायत के वार्ड नंबर-12 मोहल्ला सराय नैन सिंह में हुए सभासद उपचुनाव में पराग अग्रवाल उर्फ डब्बू ने शानदार जीत दर्ज की। गुरुवार सुबह घोषित हुए परिणामों में पराग अग्रवाल ने अपने प्रतिद्वंद्वी देवेश गोयल को 41 वोटों से हराया।



चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और बाजार में विजयी जुलूस निकालकर जमकर उत्सव मनाया गया। समर्थकों ने फूल-मालाओं और नारों के साथ पराग अग्रवाल का स्वागत किया।

उपचुनाव में पराग अग्रवाल को 478 वोट प्राप्त हुए, जबकि देवेश गोयल को 437 वोट मिले। तीसरे प्रत्याशी मोहित को 12 वोट मिले। वहीं 51 मत निरस्त हुए और 3 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। चुनाव में कुल 981 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बताया गया कि वार्ड के पूर्व सभासद उमेश तायल का कुछ समय पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था, जिसके बाद यह सीट रिक्त हुई थी। इसी के चलते मंगलवार को तहसील के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय में मतदान कराया गया था।

# श्री रघुनाथ मंदिर सभा की प्रभात फेरी में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे



**शामली। (शिखर समाचार)** शहर की पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री रघुनाथ मंदिर सभा द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव 2026 के उपलक्ष्य में गुरुवार सुबह भव्य प्रभात फेरी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। प्रभात फेरी का शुभारंभ श्री रघुनाथ मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए कॉलोनी के विभिन्न मार्गों से निकले। प्रभात फेरी सभा के प्रधान सुभाष चुग के आवास पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इसके पश्चात यात्रा मंदिर सभा के कोषाध्यक्ष यशपाल ठकराल के निवास स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भगवान श्रीराम के भजनों का गुणगान करते हुए आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। धार्मिक माहौल और भक्तिमय वातावरण के चलते क्षेत्र पूरी तरह आस्था के रंग में रंगा नजर आया। मंदिर सभा की ओर से बताया गया कि आगामी 8, 9 और 10 मई को मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर सभा के संरक्षक दिनेश पाठक, राधेश्याम भारती, कृष्ण जुनेजा, राकेश परुथी, ओमप्रकाश जुनेजा, शम्मी सेठ, सेवाराम, राजेश सेठी, संगीता अरोरा, सुमन पाठक, राहुल दीवाना सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# घर से बुलाकर युवक को मारी गोली, किशोर हिरासत में

**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के पूठरी गांव में रिश्तेदारी के विवाद में एक किशोर ने युवक को घर से बुलाकर गोली मार दी। घायल युवक को गंभीर हालत में गाजियाबाद के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। पूठरी गांव निवासी 35 वर्षीय प्रशांत चौधरी गुरुवार रात करीब 10 बजे घर पर सोने की तैयारी कर रहा था। तभी उसका रिश्तेदार किशोर घर पहुंचा और दरवाजा खटखटाकर प्रशांत को बाहर बुलाया। प्रशांत की पत्नी पिंकी के अनुसार किशोर ने कहा कि उसके पिता जरूरी बात करना चाहते हैं और काफी देर से मोबाइल फोन मिलाया जा रहा है। जैसे ही प्रशांत फोन देखने लगा, तभी किशोर ने तमंचा निकालकर उसके पेट में गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी स्कूटी से फरार हो गया। भागते समय वह तमंचा भी घटनास्थल पर छोड़ गया। सूचना मिलने पर एसीपी भास्कर वर्मा, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया है।

# ऑपरेशन सवेरा के तहत शाहपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 25 लाख की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)।** सहारनपुर परिक्षेत्र में डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देशन में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत थाना शाहपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.640 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। बुधवार रात शाहपुर पुलिस सोरम गेट क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान माधव कुम्हार पुत्र बहरूलाल निवासी ग्राम सारण, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शाहपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना थानाभवन, जनपद शामली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक ने प्रेस वार्ता में बताया कि जनपद में नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने और समाज को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह राजस्थान से अफीम लाकर विभिन्न क्षेत्रों में बेचता था। इस बार वह अफीम बेचने के लिए बुढ़ाना क्षेत्र में आया था, लेकिन पुलिस की सतर्कता से पकड़ा गया। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक अनिकेत धारीवाल, कांस्टेबल अरुण कुमार, विजय सिंह और जितेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपीडा ने जारी कीं टोल दरें, 24 घंटे में गुजर रहे हैं 7000 वाहन

**मेरठ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे के बदायूं से मेरठ तक विभिन्न एंट्री और एग्जिट पॉइंट के लिए टोल दरें जारी कर दी हैं। इन दरों की सूची सभी टोल प्लाजा पर सार्वजनिक कर दी गई है। बताया जा रहा है कि 14 या 15 मई की मध्यरात्रि से गंगा एक्सप्रेसवे के सभी टोल प्लाजा पर वाहनों से टोल वसूली शुरू हो जाएगी। फिलहाल गंगा एक्सप्रेसवे से 24 घंटे में 7000 से 8000 वाहन गुजर रहे हैं। मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे की दूरी 594 किमी है। इस एक्सप्रेसवे पर 120 किमी प्रतिघंटा की गति से वाहन दौड़ सकते हैं। यूपी का यह सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे है। खास बात यह है कि एक्सप्रेसवे पर एंट्री पर नहीं, बल्कि एग्जिट टोल प्लाजा पर टोल लिया जाएगा। यानी आप एक्सप्रेसवे पर जितनी दूर से मेरठ की तरफ आएंगे, टोल उतना ही बढ़ता जाएगा। मेरठ के बिजौली स्थित खड़खड़ी टोल प्लाजा का संचालन आईआरबी कंपनी कर रही है। बदायूं–बिनावर से मेरठ बिजौली तक पड़ने वाले टोल प्लाजा जिनमें बदायूं से चंदौसी/बहजोई, (किमी 123) से संभल/अनूपशहर (किमी 102) से गढ़मुक्तेश्वर/बुलंदशहर (किमी 54) से गाजियाबाद/हापुड़/नई दिल्ली (किमी 35) से मेरठ खड़खड़ी टोल प्लाजा तक कार से सफर करने पर सबसे कम 90 रुपये टोल देना होगा।

### श्रमिकों की बेटियों को सीएम योगी का तोहफा, विवाह के लिए मिलेंगे 85 हजार रुपये

**आगरा।** पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों के विवाह के लिए 85 हजार रुपए मिलेंगे। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की कन्या विवाह सहायता योजना के तहत आगामी 26 जून को सामूहिक विवाह समारोह होगा। उप श्रमायुक्त सियाराम ने बताया कि जिन श्रमिकों की बोर्ड सदस्यता को एक वर्ष पूर्ण हो चुका है, वे अपनी पुत्री या स्वयं महिला श्रमिक के विवाह हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदन 222.ह्वश्चड्ढश्४2.द्बठ्ठ या जनसुविधा केंद्रों के माध्यम से किए जा सकेंगे। मुख्य शर्तें व दस्तावेज के लिए वर–वधू की आयु क्रमश : 21 और 18 वर्ष अनिवार्य। आधार प्रमाणीकरण और 90 दिन कार्य का प्रमाण पत्र जरूरी। जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की प्रति और अविवाहित होने का प्रमाण पत्र। लाभ अधिकतम दो संतानों तक ही सीमित होगा। अधिक जानकारी के लिए श्रमिक 32 गार्डन रोड स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### तेज विकास से समाज और राष्ट्र की होगी समृद्धि

**गोरखपुर , एजेंसी।** सीएम योगी ने कहा कि गति जितनी तेज होगी, विकास भी उतना ही तेज होगा। विकास जितना तेज होगा, उतनी ही तेजी से व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की समृद्धि होगी। इसी समृद्धि के लिए गोरखपुर का विस्तार किया जा रहा है। जंगल कौड़िया, जगदीशपुर बाईपास रोड इस विस्तार का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि एम्स, बीआरडी की सुदृढ़ता, आयुष विश्वविद्यालय और कई नई सुविधाओं के विकास से लोगों को राहत मिली है। युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के स्वावलंबन, कारोबार में वृद्धि हो रही है। ये बातें जंगल बेनी जंगल बेनी माधव में कल्याण मंडपम सहित 612.32 करोड़ रुपये की लागत वाली 71 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहीं। मंचीय कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फीता काटकर कल्याण मंडपम का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने मंडपम का भ्रमण कर यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कल्याण मंडपम के परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। सीएम ने कहा कि पहले गोरखपुर की पहचान मच्छर और माफिया से होती थी। अब गोरखपुर की पहचान सुरक्षा, स्वच्छता, समृद्धि और मजबूत सड़कों से है। अब यहां का नौजवान पहचान का मोहताज नहीं है बल्कि वह सीना तानकर बताता है कि वह गोरखपुर का है। उन्होंने कहा कि नकहा से फर्टिलाइजर और स्पोर्ट्स कॉलेज जाने के लिए ओवरब्रिज बन गया है। बरगदवां से नकहा होते हुए मोहद्दीपुर तक फोरलेन सड़क बन गई है। इन विकास कार्यों को पहले सोचा तक नहीं जाता था। उन्होंने कहा कि महेसरा में मुख्य मार्ग के फोरलेन बन जाने से अब यहां जाम नहीं लगता और लोगों को कोई दिक्कत नहीं होती। मुख्यमंत्री ने बताया कि महेसरा से लखनऊ जाने के लिए जल्द ही माधोपुर, हार्बर्ट बांध होते हुए राजघाट तक के लिए फोरलेन कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इसका निर्माण जारी है और बन जाने पर महेसरा से राजघाट जाने में महज पांच मिनट लगेंगे। पहले गोरखपुर से लखनऊ जाने के लिए आठ से नौ घंटे लगते थे जबकि आज यह अधूरी तीन से साढ़े घंटे में पूरी हो जाती है। इसी तरह वाराणसी जाने में लगने वाला समय भी घटकर ढाई घंटे हो गया है। सीएम योगी ने बताया कि जंगल कौड़िया से जगदीशपुर तक बन रहे फोरलेन बाईपास से महेसरा से होकर कुशीनगर जाने में सिर्फ आधे घंटे लगेंगे ।लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया।

# काष्ठ कला के दम पर सहारनपुर को मिली नई पहचान : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ








**प्रवीण वशिष्ठ**

**सहारनपुर। (शिखर समाचार)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सहारनपुर जनपद की सातों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2131 करोड़ रुपये की 325 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 500 करोड़ रुपये की 184 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 1631 करोड़ रुपये की 141 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद-एक उत्पाद योजना, नंद बाबा दुग्ध मिशन, नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, खाद्य प्रसंस्करण तथा आयुष्मान भारत कार्ड योजना के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री जसवंत सैनी और बृजेश सिंह ने मुख्यमंत्री का पगड़ी व अंगवस्त्र पहनाकर तथा छत्रपति शिवाजी महाराज का चित्र भेंट कर स्वागत किया। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने मुख्यमंत्री को सहारनपुर की ओडीओपी काष्ठ कला से निर्मित नटराज प्रतिमा भेंट की। देवबंद स्थित ग्राम जड़ौदा जट्ट में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहारनपुर के कारीगरों द्वारा तैयार की जा रही विश्वस्तरीय वुड कार्विंग ने जनपद को नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच सक्रिय रहें और सरकार बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर में छह लेन एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा चुका है, जिससे दिल्ली की दूरी अब मात्र ढाई घंटे में तय हो रही है। उन्होंने घोषणा की कि इस आर्थिक कॉरिडोर का पहला इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक हब सहारनपुर में बनाया जाएगा और इसके लिए कार्य शुरू हो चुका है। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली मेरठ तथा मेरठ से प्रयागराज तक लगभग 600 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश को नई गति दे रहा है। सहारनपुर से लखनऊ की दूरी अब छह घंटे और प्रयागराज की दूरी साढ़े सात घंटे में पूरी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर एयरपोर्ट के माध्यम से देश और दुनिया से जुड़ेगा। बेहट में स्पोर्ट्स कॉलेज, स्मार्ट सिटी परियोजना, बेहतर सड़कें, बस स्टेशन, आरसीसी ड्रेन और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था जैसी योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि माँ शाकम्भरी देवी मंदिर तक जाने के लिए एलिवेटेड हाईवे और कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु हर मौसम में आसानी से दर्शन कर सकेंगे। नवरात्र के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में हुई पुलिस भर्ती में सहारनपुर के लगभग 500 युवाओं को नौकरी मिली है। उन्होंने कहा कि विकास ही विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को आगे बढ़ाएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है और अब किसी व्यापारी के अपहरण, किसान के शोषण या बहन-बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ का दुस्साहस कोई नहीं कर सकता। राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि देवबंद उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि है तथा यहां सड़कों का चौड़ीकरण, एयरपोर्ट निर्माण और देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजनाएं विकास की नई तस्वीर पेश कर रही हैं। उन्होंने बताया कि देवबंद के एक डिग्री कॉलेज में विज्ञान संकाय की कक्षाएं शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री ने तत्काल आदेश दिए, जिसके बाद 35 वर्ष बाद भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और उत्तर प्रदेश देश के सवोत्तम राज्यों में शामिल हो रहा है। कार्यक्रम में मंत्री सुनील कुमार शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, विधायक मुकेश चौधरी, देवेन्द्र निम, किरत सिंह, राजीव गुम्बर, महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, एडीजी भानु भास्कर, मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, डीआईजी अभिषेक सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।

## नाजायज चाकू के साथ युवक गिरफ्तार



**खतौली/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)।** वांछित और शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खतौली पुलिस ने एक युवक को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी नावेद पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम मोहिदिनपुर थाना खतौली को ढाकपुरी मोड़ से दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद किया गया। कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी विभिन्न धाराओं में तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक आरिफ अली, सिपाही नवीन और बलवीर शामिल रहे।

## विश्व एथलेटिक्स दिवस पर बालिका दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

**मुजफ्फरनगर। (शिखर समाचार)** विश्व एथलेटिक्स दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर में बालिका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना विकसित करना तथा स्वास्थ्य, समानता और सक्रिय जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. राजीव कुमार द्वारा कराया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सृष्टि ने प्रथम, निशा ने द्वितीय तथा सृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय की वार्डन बबिता और विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग रहा। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि विश्व एथलेटिक्स दिवस केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक समानता का संदेश देने वाला अभियान है। उन्होंने छात्राओं को पी.टी. उषा, दुती चंद और हिमा दास जैसी महान धाविकाओं से प्रेरणा लेकर खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्राओं को नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली और खेल भावना के महत्व के प्रति भी जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि खेल समाज में एकता, समावेशिता और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

## सी एम ग्रिड फेस -2: नगर आयुक्त ने कार्यों का निरीक्षण करते हुए धीमी व्यक्ति पर व्यक्त की नाराजगी

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वसुंधरा जोन अंतर्गत सीएमग्रिड फेस 2 के चल रहे कार्यों का जायजा लिया। डाबर चौक से कौशांबी होते हुए आनंद विहार मार्ग का निरीक्षण किया गया। मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, अधिशासी अभियंता विपुल, सहायक अभियंता अनूप,अवर अभियंता संजय गंगवार, अवर अभियंता पूजा उपस्थित रहे। कार्य में तीव्रता लाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए जीत कंस्ट्रक्शन संबंधित ठेकेदार मौके पर रहे, जिनको निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए। कार्य के दौरान जन सुविधा का ध्यान रखने के लिए कहा गया और हो रही असुविधा को तत्काल समाप्त करने के निर्देश दिए गए। डाबर चौक से कौशांबी होते हुए आनंद विहार तक लगभग 2.5 किलोमीटर तक सड़क को सी एम ग्रिड के अंतर्गत बनाया जा रहा है जिसमें लगभग 45 करोड़ की लागत आ रही है। 15 मार्च 2027 तक कार्य किया जाना है। गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है, जिसमें किसी प्रकार की असुविधा शहर वासियों को ना हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा संबंधित ठेकेदार तथा निगम के निर्माण विभाग अधिकारियों को दिए गए। बैरिकेटिंग का उपयोग करने के लिए कड़े रूप से निर्देश दिए गए। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। सी एम ग्रिड फेस 2 के अंतर्गत वसुंधरा जोन में कौशांबी, वैशाली तथा इंदिरापुरम के प्रमुख मार्गो को व्यवस्थित करने का कार्य गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है और समय-समय पर अधिकारी निरीक्षण कर रहे हैं।



## पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर की अध्यक्षता में हुई बैठक

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए गाजियाबाद में पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ ने आदेश दिए हुए है, जिससे गाजियाबाद की जनता को सुरक्षा के साथ सहूलियत प्रदान की जा सके। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था/यातायात राजकरन नैय्यर ने गुरुवार को थाना कविनगर पर बैठक की। इस दौरान उन्होंने पुलिसिंग को मजबूत करने के आदेश दिए। बैठक में कविनगर और नन्दग्राम के सभी चौकी प्रभारी तथा हल्का प्रभारी मौजूद रहे। गोष्ठी में सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर सूर्यबली मौर्य और सहायक पुलिस आयुक्त नन्दग्राम जियाउद्दीन अहमद को भी रखा गया, जिससे वह दिए गए आदेशों की मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण रूप से पालन करवाएं। बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिसिंग को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी तथा जनहितकारी बनाया जाए। इसी कड़ी में बैठक के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को आदेश दिए गए की वह जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं को शालीनता के साथ सुने। वही बीट पुलिसिंग को मजबूत करते हुए स्थानीय नागरिकों के साथ मजबूत स्तंभ स्थापित करें, जिससे वह छोटी से छोटी समस्या और प्रत्येक घटना की जानकारी पुलिस को दें। ऑपरेशन प्रहार के तहत अनैतिक गतिविधियों करने वाले लोगों पर त्वरित कार्यवाही की जाए, जिससे क्षेत्र के अंदर अपराधिक मुक्त माहौल बनाया जा सके। थाना स्तर पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए, जिससे पीड़ित को न्याय दिलाते हुए अपराधी पर त्वरित कार्यवाही की जा सके। उन्होंने बैठक के दौरान सभी को साफ निर्देशित किया कि सभी अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें, जिससे पुलिसिंग को मजबूत करते हुए जनता का भरोसा मजबूत किया जा सके। जनता के समर्थन से क्षेत्र में उत्पन्न हो रहे अपराधिक घटनाओं और अनैतिक कार्यों पर रोक लगाई जा सकती है। अगर किसी ने भी कार्य में लापरवाही की तो उसके खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।



## अधूरे निर्माण कार्य पर डीएम सख्त, जल्द पूरा करने के निर्देश

**शामली। (शिखर समाचार)** गुरुवार को जिलाधिकारी आलोक यादव ने संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट शामली का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहे अवशेष निर्माण कार्यों और फिनिशिंग में देरी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कार्यदायी संस्था को तेजी लाकर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूलेख अनुभाग, न्यायिक सहायक कार्यालय, आंग्ल अभिलेखागार, शिकायत कक्ष, जिला निर्वाचन कार्यालय, कोषागार, शस्त्र अनुभाग, भूमि अधिग्रहण कार्यालय तथा नागरिक सुरक्षा कक्ष समेत कई विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पटलवार जानकारी प्राप्त कर कार्यालयी कार्यों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

भूलेख विभाग में फाइलों के रखरखाव की स्थिति देखने के बाद जिलाधिकारी ने अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा पुराने और अनुपयोगी सामान को हटाने के निर्देश दिए। न्यायिक सहायक कार्यालय में त्योहारों के दौरान लगाई जाने वाली ड्यूटी की जानकारी लेते हुए उन्होंने आगामी पर्वों को ध्यान में रखकर पहले से तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।

भूमि अधिग्रहण कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने न्यायालय में लंबित भूमि विवादों की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर की साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था तथा निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा कराने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सोहनलाल, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शामली में दर्दनाक हादसा: महिला ने खुद को लगाई आग, दम घुटने से दो मासूम बेटियों की मौत

**कैराना/शामली। (शिखर समाचार)** कैराना नगर के मोहल्ला आलदरमियान में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। पारिवारिक परिस्थितियों के बीच एक विवाहिता ने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया और असफल रहने पर खुद को आग के हवाले कर दिया। कमरे में भरे धुएं की चपेट में आने से उसकी दो मासूम बेटियों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से झुलसी महिला का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है।



जानकारी के अनुसार मोहल्ला आलदरमियान निवासी करीब 30 वर्षीय अनीता ने सुबह करीब 10 बजे अपने कमरे में जाकर पहले पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। इसके बाद उसने कमरे में रखी प्लास्टिक की रस्सियों से बनी खाट पर बैठकर खुद को आग लगा ली। आग लगने से कमरे में तेजी से धुआं भर गया। उस समय कमरे में उसकी करीब 10 वर्षीय बेटी और डेढ़ वर्षीय पुत्री जसप्रीत भी मौजूद थीं। धुएं के कारण दोनों बच्चियों का दम घुट गया।

घटना के बाद घर से उठते धुएं और चीख-पुकार से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल-112 पुलिस और महिला के पति जस्सी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से झुलसी अनीता और दोनों बच्चियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने दोनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनीता का उपचार शुरू किया गया। अस्पताल पहुंचने पर पति जस्सी अपनी डेढ़ वर्षीय पुत्री जसप्रीत के शव को सीने से लगाकर फूट-फूट कर रो पड़ा। बताया गया कि अनीता की करीब चार वर्ष पूर्व जस्सी के साथ दूसरी शादी हुई थी। अनीता की पहली शादी पानीपत में हुई थी, जिससे उसकी एक बेटी थी, जिसकी इस हादसे में मौत हो गई। वहीं जस्सी की पहली पत्नी की भी पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। पहली पत्नी से उसके एक बेटा और एक बेटी हैं। घटना के समय बेटा स्कूल गया हुआ था और बेटी अपने मामा के घर थी।

सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री और क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के प्रयास और पारिवारिक विवाद सहित सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

# एसीईओ वंदना त्रिपाठी के कड़े तेवर: पार्क निर्माण में देरी पर अधिकारियों को नोटिस, 15 सितंबर तक काम पूरा करने की चेतावनी

**आरव शर्मा**
**नोएडा (शिखर समाचार)**
नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने आज उद्यान विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बोर्ड रूम सभागार में आयोजित इस बैठक के दौरान उन्होंने विकास कार्यों की सुस्त रफ्तार पर नाराजगी जताई और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया।

**लापरवाही पर माँगा जवाब, तय की समय-सीमा**
समीक्षा के दौरान वंदना त्रिपाठी ने सेक्टर-62 स्थित डी-पार्क के नवीनीकरण में हो रहे विलम्ब पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि इस पार्क का कार्य 15 सितंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए। इसके अलावा, वाई.आर.एफ. पार्क के सौंदर्यीकरण में शिथिलता बरतने पर संबंधित उप निदेशक और सहायक निदेशक (उद्यान) खण्ड-प्रथम से स्पष्टीकरण तलब किया है।

पार्कों के विकास को मिलेगी रफ्तार
बैठक में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए डेडलाइन तय की गई:
सेक्टर-94 (जापानी पार्क): विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी लाते हुए 15 जुलाई 2026 तक वृक्षारोपण पूर्ण कर लोकार्पण की तैयारी करने को कहा गया है।
सेक्टर-91 (डियर पार्क): मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता




के आधार पर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।
सेक्टर-167 (लेक-व्यू पार्क): इस पार्क का आकलन (Estimate) मात्र तीन दिनों में तैयार कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया गया है।

**मानसून और भीषण गर्मी के लिए विशेष प्रबंध**
मानसून के दौरान होने वाली संभावित क्षति को देखते हुए वंदना त्रिपाठी ने पूरे नोएडा क्षेत्र के मार्गों पर पुराने वृक्षों और झुक रही टहनियों की छंटाई के निर्देश दिए ताकि वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।
वहीं, बढ़ती गर्मी को देखते हुए उन्होंने श्रमिकों के कार्य समय में बदलाव किया है। अब काम सुबह 7:30 बजे शुरू होगा, ताकि दोपहर की भीषण गर्मी से बचाव हो सके और कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।

**आरडब्ल्यूए के साथ तालमेल पर जोर**
अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों की आवासीय कल्याण समितियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। पार्क और बागवानी से जुड़ी स्थानीय समस्याओं का समाधान आपसी समन्वय के साथ त्वरित गति से किया जाए।

## जनगणना 2027 का आगाज : नोएडा में शुरू हुई स्वगणना प्रक्रिया, लोगों से बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील

**आरव शर्मा**
**नोएडा (शिखर समाचार)।** जनगणना-2027 के कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में आज से स्वगणना प्रक्रिया की औपचारिक शुरूआत हो गई। अब नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल sc.census.gov.in पर जाकर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी भर सकते हैं। नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में इस अभियान की शुरूआत सबसे पहले सांसद महेश शर्मा द्वारा स्वगणना कर की गई। इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी इंदु प्रकाश सिंह, प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद मिश्रा, प्रबंधक दीपक कुमार एवं सांसद प्रतिनिधि संजय बाली मौजूद रहे।
सांसद महेश शर्मा ने कहा कि देश की विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने में जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने नोएडा के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं





और स्वगणना प्रक्रिया को सफल बनाएं।
वहीं नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश ने भी स्वयं स्वगणना कर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि 7 मई से 21 मई के बीच अधिक से अधिक लोग ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्वगणना अवश्य करें, ताकि जनगणना अभियान को गति मिल सके।

## खूंखार कुत्तों के झुंड ने मजदूर को किया लहूलुहान, शरीर पर आए 40 घाव

**नगीना / बिजनौर (शिखर समाचार)।** नगीना हरेवली मार्ग स्थित ग्राम बेनीपुर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बृहस्पतिवार सुबह जंगल में मजदूरी के लिए जा रहे एक 50 वर्षीय मजदूर पर खूंखार कुत्तों के झुंड ने जानलेवा हमला कर दिया। कुत्तों ने मजदूर को जमीन पर गिराकर बुरी तरह नोच डाला। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह उसकी जान बचाई। गंभीर रूप से घायल मजदूर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसके शरीर पर करीब 40 गहरे घाव पाए गए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम बेनीपुर निवासी सत्येंद्र सिंह पुत्र बेगराज सिंह गुरुवार सुबह लगभग सात बजे मजदूरी के लिए जंगल की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह मौजा रघुदासपुर के जंगल में पहुंचे, वहां पहले से घूम रहे आधा दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। कुत्तों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और जमीन पर गिराकर काटना शुरू कर दिया। हमले के दौरान सत्येंद्र



सिंह खुद को बचाने के लिए चीखते चिल्लाते रहे, लेकिन कुत्ते लगातार उन्हें नोचते रहे। सत्येंद्र की चीख पुकार सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे तुलाराम, रणवीर सिंह, डब्बू कुमार, गेंदा सिंह, चेतराम, कलवा, रतिराम, पूरन और चुन्नू सिंह सहित दर्जनों किसान लाठी-डंडे लेकर मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों को आता देख कुत्ते वहां से भाग निकले। इसके बाद किसानों ने घायल सत्येंद्र को संभाला। उस समय वह गंभीर रूप से घायल और खून से लथपथ हालत में पड़े हुए थे। ग्रामीणों और परिजनों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार घायल के शरीर पर कुत्तों के काटने के लगभग 40 गहरे घाव मिले हैं। उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन सहित आवश्यक उपचार देकर भर्ती कर लिया गया है।
घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा और खूंखार कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे लोगों का खेतों और जंगलों में जाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण हरेंद्र सिंह, गुरजीत सिंह, फूल सिंह और कलुआ सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए तत्काल अभियान चलाया जाए तथा घायल मजदूर को उपचार के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## पुरानी अनाज मंडी में व्यापारी और भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला, चार घायल

**जेवर (शिखर समाचार)।** जेवर की पुरानी अनाज मंडी में बुधवार को मामूली कहासुनी के बाद एक व्यापारी और उसके भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार गौरव जैन पुरानी अनाज मंडी में खादी भंडार की दुकान चलाते हैं। बुधवार को उनकी दुकान पर व्यापार का सामान आया था, जिसे वह टेंपो से उतरवा रहे थे। इसी दौरान कार से पहुंचे सोनू उर्फ विक्की निवासी मोहल्ला खोरिया ने टेंपो हटाने को कहा। गौरव जैन ने तुरंत टेंपो



हटवा दिया, लेकिन इसके बावजूद आरोपी उनसे बहस करने लगा। आरोप है कि सोनू उर्फ विक्की ने फोन कर अपने साथी हरिओम, श्री गोपाल और यश को मौके पर बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने गौरव जैन, उनके भाई सौरभ जैन, ताऊ के बेटे प्रवीण जैन और दुकान पर काम करने वाले महेश के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। हमले में गौरव जैन, उनके भाई और दुकान पर काम करने वाला युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना से नाराज व्यापारी बुधवार देर शाम कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## नगली में बसपा की बूथ स्तरीय बैठक, कमेटियों का पुनर्गठन



**बिजनौर (शिखर समाचार)।** ग्राम नगली में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधानसभा क्षेत्र बिजनौर की बूथ स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन विकास कुमार के निवास पर हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कविराज ने की, जबकि संचालन विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी दिलीप कुमार उर्फ पिंटू मौजूद रहे। बैठक के दौरान बूथ संख्या 397 और 398 की कमेटियों का पुनर्गठन किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नाजिम अहमद अल्वी ने कहा कि मायावती के शासनकाल में प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत थी और किसान खुशहाल थे। उन्होंने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से मजबूती के साथ जुटने और 'हाथी' का बटन दबाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि दिलीप कुमार ने कहा कि प्रदेश में भयमुक्त वातावरण स्थापित करने के लिए बसपा की वापसी आवश्यक है। विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और महापुरुषों के मिशन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में जिला महासचिव संजीव कुमार सैनी, जिला कोषाध्यक्ष अमित चौधरी तथा विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद कुमार समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार प्रधान, विकास कुमार, सलीम अंसारी, धीर सिंह पाल, विनीत चौधरी, रामपाल सिंह, मोहम्मद अयूब, ज्योति सैनी, सुधा रानी और इरफान अंसारी सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशीले इंजेक्शन लगाकर गोवंशों को बेहोश करने का आरोप, ग्रामीणों में रोष

**रबूपुरा (शिखर समाचार)।** खेड़ा मोहम्मदपुर गांव के पास बुधवार रात बेसहारा गोवंशों को नशीले इंजेक्शन लगाकर बेहोश करने का मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही गौ रक्षक और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए। लोगों की भीड़ बढ़ती देख आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने क्षेत्र में सक्रिय गौ तस्करों के खिलाफ



कड़ी कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला गौरक्षक प्रमुख त्रिलोक गुर्जर ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में अभी भी गौ तस्कर सक्रिय हैं और लगातार ऐसी घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि गौ तस्करी और गौ हत्या जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए रात में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं की गई तो क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं बढ़ सकती हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पहली एयरलाइन बनी इंडिगो, 15 जून से शुरू होंगी उड़ानें




**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** भारत की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करने की घोषणा कर दी है। 15 जून 2026 से इंडिगो इस नए एयरपोर्ट से वाणिज्यिक उड़ान संचालन शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बनेगी। इसके साथ ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) का तीसरा प्रमुख एयरपोर्ट बन जाएगा। इंडिगो चरणबद्ध तरीके से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को देश के 16 से अधिक शहरों से जोड़ेगी। इनमें बेंगलुरु, हैदराबाद, अमृतसर, चंडीगढ़, धर्मशाला, जयपुर, लखनऊ, नवी मुंबई, पंतनगर और श्रीनगर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी और अधिक यात्रा विकल्प मिलेंगे। एयरलाइन की ओर से बताया गया कि टिकटों की बुकिंग आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल ऐप और अधिकृत ट्रैवल पार्टनर्स के माध्यम से शुरू की जा रही है। इंडिगो के चीफ स्ट्रेटेजी ऑफिसर आलोक सिंह ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लिए नया प्रवेश द्वार साबित होगा। उन्होंने कहा कि इंडिगो अब एनसीआर के तीनों एयरपोर्ट आईजीआई एयरपोर्ट, हिंडन एयरपोर्ट और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सेवाएं देने वाली एयरलाइन बन गई है। भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं में शामिल यह एयरपोर्ट भविष्य में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। एयरपोर्ट को सड़क और रेल नेटवर्क से जोड़कर मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों का होगा त्वरित निस्तारण



**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** जिला न्यायालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव ने आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर के जिला मुख्यालय सहित सभी तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी, जहां विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित एवं सरल निस्तारण किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, दीवानी वाद, एमवी एक्ट एवं ई-चालान, आर्बिट्रेशन मामले, लघु शमनीय अपराध, धारा 138 एनआई एक्ट, विद्युत अधिनियम, भू-राजस्व, सेवा एवं पेंशन संबंधी प्रकरण, श्रम विवाद सहित अन्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण, विद्युत बिल तथा बीएसएनएल बिल से संबंधित मामलों का भी सुलह-समझौते के माध्यम से समाधान कराया जाएगा।
जनपद न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाकर अपने मामलों का शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि ह्समाधान समारोहह्व अभियान के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय में लंबित ऐसे मामलों, जिनमें समझौते की संभावना है, के निस्तारण के लिए 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
इस अवसर पर अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सोमप्रभा मिश्रा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवयुग पालिका योजना के प्रस्तावित कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा





**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद दादरी द्वारा नवयुग पालिका योजना के अंतर्गत प्रस्तुत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गीता पंडित, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी कंचन वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता, अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी एवं शहरी निकाय सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे।
बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दादरी ने नवयुग पालिका योजना के तहत प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को दी। जिलाधिकारी ने सभी प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रस्तुत कार्यों को वित्तीय वर्ष 2026-27 की नवयुग पालिका योजना में शामिल कर स्वीकृति एवं धन आवंटन के लिए शासन को शीघ्र प्रस्ताव भेजा जाए।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके।

# निमाणर्धीन पुलिस लाइन और गौशाला का डीएम ने किया निरीक्षण





**हापुड़ (शिखर समाचार)।** जिलाधिकारी कविता मीना ने गुरुवार को जनपद में निमार्णाधीन पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने विकास खंड हापुड़ स्थित बृहद गो संरक्षण केंद्र भटेल का निरीक्षण किया। केंद्र में 494 नर गोवंश संरक्षित पाए गए। निरीक्षण के दौरान पानी की चर में गंदगी मिलने पर संचालक को तत्काल सफाई और चूने से पुताई कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने हरे चारे, भूसे और पशु आहार की उपलब्धता का भी जायजा लिया तथा प्रतिदिन गोवंश को हरा चारा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने गौशाला में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, पंखे, टीन शेड और गर्मी से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही बायोगैस प्लांट चालू कराने और गोबर के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

